>

Title: Need to construct a bridge over river Bhutahi-balan in Madhubani district, Bihar.

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : राÂष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-104 में किलोमीटर 194 - 195 के बीच लौकहा में भुतहीबालान नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण का डीपीआर बनाने के लिए कंसल्टेन्ट नियुक्ति हेतु 20 दिसम्बर, 2006 को मंत्रालय के पत्र संख्या स. आर. डब्ल्यू/एन0एच0-12011/08/2006/बी.आर/एन0एच0-3 द्वारा बिहार सरकार को संसूचित किया गया। तत्संबंधी निविदा आमंत्रित की गई, दिनांक 8.2.2007 को निविदा स्वीकृत की गई और डीपीआर कार्य समापन की तिथि छह महीने निर्धारित की गई। लेकिन निर्धारित तिथि बीत जाने के बाद भी अभी तक प्रस्तावित प्रस्तावित परियोजना का अंतिम डीपीआर नहीं बनाया जा सका है, जिसके कारण सड़क सुदृढ़ीकरण तथा पुल निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सका है। भुतहीबालान नदी पर पुल नहीं होने के कारण वÂर्षा ऋतु में हर वर्ष पार करते समय अनेक लोग बाढ़ के पानी में डूब कर असामयिक मौत के शिकार होते हैं। एन0एच0-104 भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों के लिए जीवनरेखा है तथा सामरिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। मैं चाहूंगा कि अतिमहत्वपूर्ण राÂष्ट्रीय राजमार्ग संख्या - 104 का निर्माण कार्य तथा लौकहा में भुतहीबालान नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कराये जाने के लिए सरकार सकारात्मक पहल करे।